सख्या - 2/1128/71-आयुष-2-2014-952/97

प्रेषक

अरिन्दम भटटाचार्य,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

निदेशक,
होम्योपैथी,
उ0प्र0 लखनऊ

आयुष अनुभाग 2 लखनऊ : दिनांक: 05 सितम्बर 2014

विषय प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग का पुनर्गठन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग का पुनर्गठन किये जाने के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या-49434/2011, प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य दायर की गयी। इस रिट याचिका में मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 24 मई, 2013 द्वारा प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग के पुनगर्ठन के सम्बन्ध में कार्यवाही से अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये। मा0 उच्च न्यायालय के आदेश अनुपालन के सम्बन्ध में उक्त संवर्ग में उपलब्ध कुल 1684 पदों के सम्बन्ध में वर्तमान व्यवस्था के क्रम में परीक्षणोपरान्त यह तथ्य संज्ञान में आया है कि मण्डल, शहरी, तहसील ब्लाक स्तर पर पद उपलब्ध न होने के कारण होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों के पदोन्नति के अवसर अत्यन्त न्यून है। अत: कार्यात्मक आवश्यकता एवं पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग के वर्तमान में उपलब्ध कुल पद संख्या 1684 को यथावत बनायें रखते हुए संवर्गीय पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के कार्यान्वयन में प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग के संलग्न तालिका के स्तम्भ-2 व 3 में अंकित विवरण के अनुसार वर्तमान निर्धारित ढॉचे - (पदनाम,वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन, पदों की संख्या तथा तैनाती का स्थान) की कुल संख्या-1684 को यथावत बनायें रखते हुए संवर्गीय पुनर्गठन किये जाने हेतु तालिका के स्तम्भ-6

http://shasanadesh.up.nic.in

में अंकित विवरण के अनुसार पद आस्थगित/समाप्त/उच्चीकत/नये पद उपलब्ध कराते हुए तालिका के स्तम्भ-4 व 5 के अनुसार पुनर्गठित ढाचा (पदनाम वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन, पदों की संख्या तथा तैनाती का स्थान) तत्काल प्रभाव से निर्धारित करने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीक़ति प्रदान करते है।

2- उपर्युक्तानुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग का उक्तानुसार पुनर्गठन किये जाने के फलस्वरूप विभिन्न् स्तरों पर उपलब्ध/बढे हुए पदों पर वर्तमान में कार्यरत पदधारको में से ज्येष्ठता एवं उपर्युक्ता के आधार पर सुसंगत आरक्षण् नियमों का पालन करते हुए समायोजन कर दिया जाय। उक्त बचे हुए रिक्त पदों तथा भविष्य में रिक्त होने वाले पदों पर सम्बन्धित पद हेतु निर्धारित/निर्धारित की जाने वाली अर्हता एवं भर्ती की प्रकिया के अनुसार नियुक्ति की जायेगी।

3- उपर्युक्त संवर्गीय पुनर्गठन के फलस्वरूप उच्च् ग्रेड वेतन के सापेक्ष समायोजन होने वाले पदघारकों का वेतन शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-577/दस-59(एम)/2008, दिनांक 29 जून 2010 एवं सपठित संख्या- वे0आ0-2-841/दस-2009-59 (एम)/2008 दिनांक 24 दिसम्बर 2009 के अनुसार निर्धारित किया जायेगा।

4- प्रदेश में शहर, तहसील,ब्लाक स्तर पर उपलब्ध राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों का चिन्हांकन कर सूची यथाशीध्र प्रकाशित की जायेगी।

5- प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के पुनर्गठन के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णायानुसार संगत सेवानियमावली में यथाशीध्र संशोधन किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1 से प्राप्त उनकी सहमति संख्या- यू0ओ0-वे0आ0-1-593/दस-2014, दिनांक 29 अगस्त 2014 से जारी किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त तालिका।

भवदीय

अरिन्दम भटटाचार्य

विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-2/1128(1)/71-आयुष-2-2014 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, होम्योपैथिक निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।

3- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

4- समस्त जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।

5- वित्त वेतन आयोग अनुभाग-1/2

6- वित्त व्यय नियंण अनुभाग-3

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

जय प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या- 2/1128/71-आयुष-2-2014-952/97 दिनांक 05;09;14 का सलग्नक

तालिका

क्र0स0	वर्तमान व्यवस्था		पुनर्गठन के उपरान्त विभागीय संरचना		
	पदनाम/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (रू0 में) पदों की संख्या	तैनाती स्थल	पदनाम/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (रू0 में) पदों की संख्या	तैनाती स्थल	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 5400/- (पदो की संख्या-1610)		होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 5400/- (पदो की संख्या-1173)		437 आस्थगित /उच्चीकृत /समाप्त
2	--	--	वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 6600/- (पदो की संख्या-408)	शहर तहसील,ब्लाक	उच्चीकृत 408 पद नया स्तर
3	जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 6600/- (पदो की संख्या-70)	जिला मुख्यालय	जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 6600/- (पदो की संख्या-75)	जिला मुख्यालय	+05 अतिरिक्त पद
4	--	--	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 7600/-	मण्डल स्तर पर	+18 नया पद नया स्तर

http://shasanadesh.up.nic.in

			(पदो की संख्या-18)		
5	उप निदेशक, वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 6600/- (पदो की संख्या-02)	निदेशालय	उप निदेशक, वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 6600/- (पदो की संख्या-04)	निदेशालय	+02 अतिरिक्त पद
6	संयुक्त निदेशक, वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 7600/- (पदो की संख्या-01)	निदेशालय	संयुक्त निदेशक, वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड पे-रू0 7600/- (पदो की संख्या-03)	निदेशालय	+02 अतिरिक्त पद
7	--	--	अपर निदेशक, वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड पे-रू0 8700/- (पदो की संख्या-02)	निदेशालय	+02 नया पद नया स्तर
8	निदेशक, वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड पे-रू0 8900/- (पदो की संख्या-01)	निदेशालय	निदेशक, होम्योपैथिक, वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड पे-रू0 8900/- (पदो की संख्या-01)	निदेशालय	
	कुल पद	1684	कुल पद	1684	

अरिन्दम भटटाचार्य
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in